# Legal literacy Cell Report

1) **Guest lecture:** Organized guest lecture on the occasion of International Literacy day to aware the students about importance of Literacy. College on 08.09.2022. Principal Dr. P.K. Bajpai was the keynote speaker.83 students participated in this program.
2) **Organized Declamation Competition:** Youth Red Cross unit Volunteers in Collaboration with Legal Literacy cell Volunteers Organized Declamation Competition on 14 November 2022 on the topic **"Role of Youth In Nation Building".** 73 students participated in this event.
3) **Visited Old age Home:** Legal Literacy incharge along with team of 4 volunteers visited the old age home 24/11/2022.
4) **Guest lecture:** Organized guest lecture for LLC Volunteers and other students of College to aware the students about rights of Senior Citizens on 28.11.022. Advocate Diksha, Advocate Sachin and Advocate Yashraj were the keynote speakers.93 students particaipated in this programme.
5) **Declamation Contest:** Organized declamation competition on 20/4/2023 to aware the students about current issues. 47 students participated in this programme.

**Some Selected Photographs**











हरिभूमि
रोहतक - यमुनानगर
30 Nov 2022

# सीनियर सिटीजन को अपनी प्रॉपर्टी वापस लेने का पूरा अधिकारः दीक्षा

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में सीनियर सिटीजन अधिकार विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय मे आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर मे विद्यार्थियो को जागरूक करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में मंगलवार को लीगल लिटरेसी सेल के तत्वावधान में सीनियर सिटीजन के अधिकार विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में एडवोकेट दीक्षा, एडवोकेट यशराज व एडवोकेट सचिन ने भाग लिया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने की। मुख्य वक्ता एडवोकेट दीक्षा ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने माता पिता एवं दादा-दादी की इज्जत करें एवं किसी वृद्धा को घर से ना निकाले। ताकि एक दिन हमें वृद्धाश्रम के दरवाजे बंद करने पड़ें। मौके पर एडवोकेट यशराज ने बताया कि यदि हम अपने माता पिता की इज्जत नहीं करेंगे तो उन्होंने जो संपत्ति हमारे नाम की है वह उन्हें वापस लेने का पूरा अधिकार है।

# विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेना ज़रूरी : डॉ. वाजपेयी



प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

जगाधरी, 20 अप्रैल (एस. कुमार): महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी सैल के इंचार्ज डॉ. विजय चावला के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीके वाजपेई द्वारा विधिवत रूप करते हुए बताया कि आज के इस नए भारत में विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य बनाने के लिए न केवल पढ़ाई की जरूरत है अपितु पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय चावला ने बताया कि आज किसी भी क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम नही हैं कमी है तो केवल विद्यार्थियों की काबलियत में कमी है हमारे विद्यार्थियों की काबलियत में कोई कमी ना हो तो हमारा महाविद्यालय लगातार विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ उसके सर्वांगीण विकास के लिए अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाता रहता है इसी कड़ी में आज भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ना केवल विद्यार्थियों ने स्टेज पर बोलना सीखा अपितु महत्वपूर्ण विषय जैसे शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, नशे की लत से बचना, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार एवं सीनियर सिटीजन के अधिकार इत्यादि विषयों पर अपने विचार प्रकट किए। इस प्रतियोगिता के परिणाम में कामिनी बीकॉम सैकेंड ईयर प्रथम एवं आदर्श बीसीए सैकेंड ईयर द्वितीय स्थान पर रहा।